# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री


11 ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में दादा गुरुदेव का स्मरण, श्रद्धा...



12 सिरसिदा स्कूल में पीएमश्री योजना के तहत हुआ..






# गन्ना किसानों के लिए खुशखबरी, मिली प्रदेश की पहली अत्याधुनिक हार्वेस्टर मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में गन्ना उत्पादक किसानों के लिए खुशहाली के नए द्वार खुल गए हैं। जिला प्रशासन की पहल से जिला खनिज न्यास के वित्तीय सहयोग से दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना को प्रदेश की पहली अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन मिल गई है। यह कदम न केवल खेती को आसान बनाएगा, बल्कि गन्ना उत्पादक किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्रदान करेगा।

दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना शक्कर के प्रबंध संचालक आरपी राठिया ने बताया कि बालोद जिले में यह अत्याधुनिक मशीन गन्ना कटाई की पूरी प्रक्रिया को बदल दिया है। जहां पहले कटाई में हफ्तों लगते थे, वहीं यह मशीन एक ही दिन में 80 से 100 टन गन्ने की कटाई और छिलाई कर सकती है। अब किसानों को गन्ना की कटाई हेतु मजदूरों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कटाई, छिलाई और लोडिंग का काम एक साथ होने से लागत में भारी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि मशीन गन्ने की कटाई इस तरह से करती है कि किसानों को अगली फसल के लिए रेटुन का अलग से प्रबंधन नहीं करना होगा। कटाई के साथ ही गन्ना सीधे इनफील्डर के जरिए ट्रैक्टर या ट्रक में लोड हो जाता है, जिससे परिवहन भी तेज होगा।

जिले के ग्राम दुधली के गन्ना उत्पादक किसान प्रेमशंकर देशमुख ने बताया कि वे 2017 से गन्ने की खेती कर रहे हैं, पहले ▶▶|शेष पेज 11 पर

**एक दिन में 80 से 100 टन तक कटाई की क्षमता**





## प्रशिक्षण : प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने पर जोर

# ई-ऑफिस क्रियान्वयन को लेकर बालोद में अधिकारियों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ई आफिस के समुचित क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के अधिकारी कर्मचारियों को ई आफिस क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारियों ने ई ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में बारीकियों की जानकारी ली। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, राज्य के एनआईसी टीम के मास्टर ट्रेनर्स प्रोजेक्टर इंजीनियर मुस्कान जादवानी और प्रोजेक्ट लीडर पूजा सेनपाल, डीआईओ डीएल भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

प्रशिक्षण में ई आफिस के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं जवाबदेही लाने के उद्देश्य से आज ई आफिस प्रणाली, ई एचआरएमएस एवं स्पैरो से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही ई आफिस के अंतर्गत डिस्पैच, पत्रचार, नोटशीट, डिजिटल हस्ताक्षर एवं फाइल ट्रैकिंग सिस्टम की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ई एचआरएमएस प्रणाली के अंतर्गत सेवा पुस्तिका, अवकाश, पदस्थापना इत्यादि के ऑनलाईन प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्पैरो पोर्टल के द्वारा अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि एवं मूल्यांकन प्रक्रिया, अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया, इससे प्रक्रिया अधिक गतिशील एवं पेपरलेस हो सकेगा। प्रशिक्षण में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया तथा कार्यालयीन प्रक्रिया को डिजिटल, पारदशएँ, त्वरित एवं पेपरमुक्त करने का संकल्प लिया गया।

**ई-ऑफिस, ई-एचआरएमएस और स्पैरो की दी गई जानकारी**



### बोर्ड परीक्षाओं से पहले कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का प्रेरक संदेश

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व विद्यार्थियों के नाम एक प्रेरक और उत्साहवर्धक संदेश जारी किया है। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र–छात्रओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे तनाव मुक्त रहने की अपील की है। कलेक्टर मिश्रा ने अपने संदेश में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि साल भर की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने कहा कि आप अपने वर्ष भर की शिक्षा एवं परिश्रम पर पूर्ण विश्वास रखें। आपका धैर्य ही आपको परीक्षा के भय एवं तनाव से मुक्त रखेगा। यह परीक्षा आपके विषय के साथ–साथ, आपके कौशल की भी परीक्षा है, जो आपके भावी भविष्य की आधारशिला है। मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के संपर्क में रहकर अपनी शंकाओं का समाधान पहले ही कर लिया है, जो उनकी तैयारी को और मजबूत बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे स्थिर चित्त और धैर्यपूर्वक परीक्षा में सम्मिलित हों।

# महाशिवरात्रि में कार्यक्रम के दौरान हंगामा, उपद्रवियों ने फाड़ी दो पुलिसकर्मियों की वर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुछ लोंगो में विवाद होगया। स्थिति इतनी खराब हो गई कि मौके पर नियुक्त दो पुलिस कर्मचारियों को जो सुरक्षा व्यवस्था में लगे थे। उनकी वर्दी को भी फाड़ दिया गया।

गुरूर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरकार में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया था, इस दौरान अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को ग्राम अरकार में ग्रामवासियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व एवं लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं आस पास के गांवों से लोग शामिल होने पहुंचे थे।

जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मेला आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाना सनौद से लिखित अनुरोध किया था।

बताया जा रहा है कि जब पुलिस बल कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने पहुंचा, उसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने कार्यक्रम स्थल पर हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बीच–बचाव का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान दो आरक्षकों के साथ धक्का–मुक्की की गई और सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झड़प के दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी तक फाड़ दी गई, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा–तफरी मच गई।

घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और संबंधित आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा एवं शांति भंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है।



■ आरोपियों की हुई पहचान, मामला दर्ज किया गया

## खबर संक्षेप

### रुखमती बनीं भाजपा मंडल सनौद महिला मोर्चा अध्यक्ष

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता एवं गुरुर जनपद पंचायत के पूर्व जनपद सदस्य को रुखमती हरिकृष्ण गंजीर को भाजपा मंडल सनौद का महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।



रुखमती गंजीर वर्तमान मे गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी के महिला प्रकोष्ठ संयोजिका है। रुखमती हरिकृष्ण गंजीर की नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का वातावरण है। रुखमती हरिकृष्ण गंजीर लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए महिलाओं और जरूरतमंद वर्ग की हितों के लिए कार्य करती रही है, इनकी नियुक्ति पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया।

### वृद्धावस्था पेंशन आयु 50 वर्ष करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**डौंडीलोहारा।** आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय के हितों को ध्यान में रखते हुए वृद्धावस्था पेंशन की आयु सीमा 50 वर्ष किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। शिवसेना नेता संदीप कसार ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अनुरोध किया है कि राज्य गठन के दो दशक बाद भी आदिवासी समाज आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़ा हुआ है। ऐसे में 50 वर्ष पूर्ण करने पर ही वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय रहते आर्थिक संबल मिल सके। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई को देखते हुए पेंशन राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि करने की भी मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आदिवासी समुदाय के हितों का संरक्षण होगा तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने में सहायता मिलेगी।



### तेज रफ्तार कार पलटने से दो घायल

**बालोद।** तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर किनारे खेत में जाकर पलट गई। जिसके बाद आसपास के राहगिरो द्वारा कार में सवार लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खप्परवाड़ा के पास मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार मुख्य मार्ग पर स्थित एक खेत में जाकर पलट गई। जिसके बाद आस पास मार्ग से जा रहे राहगिरो द्वारा आनन फानन में कार में सवार दो लोगों को कार से बाहर निकाला। दोनों घायलो को नजदीकी अस्पताल में ईलाज के लिए भेजा गया।

### बालोद जिले के 17 मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति

**अर्जुंदा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति के बाद जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजयुमो अध्यक्ष गुलशन साहू ने 17 मंडल अध्यक्ष तय किया है। पार्टी से जारी सूची में अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष नवीन राजपूत बनाए गए है, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चौधरी ने कहा नवीन राजपूत से युवाओं में सकारात्मक राजनीति का माहौल लेकर युवाओं की टोली बनाएंगे नवीन ने पूर्व में विद्यार्थी परिषद में भी काम किया। उसका लाभ भी भाजपा को मिलेगा।

# ग्रामीणों ने लगाया मुक्तिधाम के वृक्षों की अवैध कटाई का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीणों व पंचो ने ग्राम सिवनी मे स्थित मुक्तिधाम के वृक्षो को अवैध कटाई कराने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में पंचो व ग्रामीणो ने कहा है कि ग्राम सिवनी सरपंच ने बिना सक्षम अनुमति के गीला झाड़ कहुआ सागौन समेत अन्य लकड़ियों की कटाई कर उन्हें नीलाम कर रहे है। मामले को लेकर पंचों और ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच को पदमुक्त करने तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 16 के ग्राम देऊरतराई निवासी ग्राम पंचायत सिवनी पंच मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत सिवनी से जानकारी प्राप्त की। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार ग्राम सिवनी, पहन 21, तहसील ▶▶|शेष पेज 11 पर



बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे उपस्थित

# राइस मिल से परेशान वार्डवासी, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घनी आबादी के बीच चल रहे राईस मिल से परेशान वार्डवासियो ने मिल के कारण होने वाले अपनी परेशानी को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। रहवासियो को होने वाले दिक्कतो को दूर करने की मांग की है। वार्डवासियो ने कहा समय के साथ जिला मुख्यालय में जनसंख्या बढ़ते जा रहा है तथा लोगों के मकान भी उंचे होते जा रहे है, ऐसे में जिला मुख्यालय में कई ऐसे उद्योग व कलकारखाने है जो पूर्व में कम जनसंख्या व जगह होने से चल रही थी। जिनमे कई आज भी चल रही है। लेकिन अब बढ़ती जनसंख्या के कारण इन करखानो के आस पास मकान बनकर निवास कर रहे लोगों को कारखाना से निकलने वाले धुएं, राखड़, तेज ध्वनी से दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। एक ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 का है, इन वार्डों के पार्षदो व वार्डवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए यहां स्थित मिल को बंद करने की मांग की है। वार्डवासियों के अनुसार शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र और बस स्टैंड के समीप संचालित यह मिल दिन–रात काला धुआं उगल रही है। धुंए और भूसे के महीन कण घरों में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे लोगों को सांस संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। आमापारा, गंजपारा, बस स्टैंड, दल्ली चौक सहित आसपास के मोहल्लों के रहवासी विशेष रूप से प्रभावित बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिल से निकलने वाला धुआं इतना गाढ़ा है कि घरों की छतों पर काली परत जम रही है। छत पर कपड़े सुखाना या खाने–पीने का सामान रखना मुश्किल हो गया है। महिलाओं और बच्चों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि वे दिन मे अधिकांश समय घर पर ही रहकर काम करते है। रहवासियों का दावा है कि छत पर पैर रखने से काली राख के निशान साफ दिखाई देते हैं, जिससे प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वार्डवासियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन सहित संबंधित विभागों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



दिन-रात निकल रहा काला धुआं

## विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया आयोजन

# सेजस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल अंडा दुर्ग के कक्षा 11 वी विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। जिसमें भौतिकी के विभिन्न विषय वस्तु पर चलित माडल को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर को विद्यालय परिवार ने महान वैज्ञानिक सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज की याद में विज्ञान दिवस के रूप में विज्ञान पर्व मनाया। ज्ञात हो कि भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन 1928 में महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की याद में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह प्रदर्शनी सुमन मिश्रा के निर्देशन में हुआ। विद्यार्थियों ने भौतिकी विषय के अलग -अलग विषय वस्तु से संबंधित विभिन्न चलित मॉडल का वीडियो के द्वारा अटल टिंकरिंग लैब मे प्रेजेंटेशन दिया। इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य सीमा जामबुलकर, वी.पद्मावती, अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी रेणुका चंद्राकर,सुमन मिश्रा, ममता वर्मा, सीमा शर्मा, स्वाति कोठारी, विभा दुबे, आर. देवघरे, भोज साहू, दामिनी साहू, एस. मेश्राम, जी.साहू आदि उपस्थित थे।

# सुरेन्द्र बने मिरींटोला भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम चिटौद निवासी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र तिवारी को मिरींटोला भाजपा मण्डल किसान मोर्चा का मण्डल अध्यक्ष बनाया गया है। लंबे समय से जनपद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सुरेन्द्र तिवारी क्षेत्र में चर्चित नाम रहा है। विभिन्न क्षेत्रे में सक्रिय रहकर सुरेन्द्र तिवारी ने क्षेत्र में भाजपा को मजबूती प्रदान करने व जनाधार बढ़ाने का कार्य किया है। सुरेन्द्र तिवारी के किसान मोर्चा भाजपा मण्डल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओ ने अतिशबाजी कर मिठाई बांटी। मिरींटोला मण्डल भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनसेवक बालोद राकेश यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, मण्डल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जनपद सभापति नरेश साहू, यादवराम साहू, विजय साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष गुरुर आनंद शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, जनार्दन सिन्हा, मेहत्तर नेताम, संतोश गंगबेर, लखनलाल गुरुपंच, अजेन्द्र साहू, केजूराम साहू, मंडल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवागन, बंटी कटेन्द्र, लिखेश्वर साहू, मुरली लावत्रे, भागवत यादव, गिरधर ठाकुर, लिखेश्वर साहू, चन्द्रलता साहू, अनुसुईया धुरव, जितेश धुरव, लेखक चतुर्वेदी, ताम्रध्वज यादव, सौरभ जैन, ▶▶|शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### मोर्चा के पदाधिकारियों ने ग्रामीण विधायक चंद्राकर से की मुलाकात

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निवास पर अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने सभी पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा संगठन सुदृढ़ीकरण एवं जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। मैं उन्हें संगठन सुदृढ़ीकरण और जनसेवा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, एमआई फिरोजी, शेख शकील अहमद, महेश कुमार जैन, सिंघारा सिंह सोढ़ी, विवेक कुमार जैन, बबलू प्रसाद चौरे, दिलराज सिंह राजपूत, तुषेन्द्र कुमार मेश्राम, समीम रिज़वी, अनीश अहमद खान सहित अन्य मौजूद थे।

### सीताराम और दिलीप गौरव रत्न से सम्मानित



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सीताराम ठाकुर और दिलीप ठाकुर को सम्मानित किया। नगर के ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर सचिव एवं दिलीप ठाकुर जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य हैं। ये सम्मान लगातार कई वर्षों से आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित विज्ञान विकास केंद्र तथा एससीएसटी कन्या छात्रावास परिसर की छात्राओं के लिए स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजन, सेंट्रल जेल के चिह्नित बंदियों की चिकित्सा सेवा पुलगांव नाका स्थित समाज कल्याण विभाग के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर दवाइयां वितरण, आध्यात्मिक एवं अन्य सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें राज्य स्तरीय गुरु रत्न एवं छत्तीसगढ़ सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया है।

### नवधा रामायण पाठ का आयोजन 21 से

**भिलाई।** राधाकृष्ण मंदिर नेहरू नगर भिलाई द्वारा नव दिवसीय नवधा रामायण पाठ का आयोजन 21 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित है। जिसमें पं. गिरधर गोपाल आसोपा, पं. सुशील आसोपा जोधपुर कथा वाचक के रूप में मौजूद रहेंगे। 21 से 28 फरवरी दोपहर 3 से संध्या 7 बजे तक आयोजित है।

# पारदर्शिता की दिशा में कदम, मनरेगा मजदूरों का ई-केवाईसी से होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत पंजीकृत परिवारों की ई-केवाईसी एवं आधार सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर आधार कार्ड एवं बैंक खाते के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार ब्लॉक दुर्ग की 60, ब्लॉक पाटन की 104 तथा ब्लॉक धमधा की 108 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं मेट को निर्देशित किया गया कि पंचायत भवन, कार्यस्थल एवं घर-घर जाकर सभी पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मनरेगा डेटाबेस को आधार से जोड़कर फर्जी हाजिरी पर रोक लगाना एवं मजदूरी भुगतान को पूर्णतः पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र श्रमिक तकनीकी कारणों से योजना से वंचित न हो।

अधिकारियों ने बताया कि योजना में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक एवं पात्र मजदूर को बिना किसी रुकावट के समय पर एवं पूर्ण मजदूरी प्राप्त हो तथा योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुंचे। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक और पात्र मजदूर को बिना किसी बाधा के समय पर और सही मजदूरी मिलती रहे, तथा योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुंचे।

## शत-प्रतिशत सत्यापन का लक्ष्य लेकर शुरू किया गया काम

### युद्ध स्तर पर किया गया सत्यापन का काम

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी अनिवार्य है। श्रमिकों का आधार सत्यापन पूर्ण नहीं होगा तो उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकेगी। मजदूरी भुगतान में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अतः श्रमिकों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं जॉब कार्ड के साथ पंचायत अथवा ब्लॉक कार्यालय में सत्यापन कराने की अपील की गई थी। जिले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से डिजिटल उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। इसके अंतर्गत कार्यस्थलों पर प्रतिदिन दो बार जियो-टैग्ड फोटो अपलोड की जाती है, जिनका मिलान ई-केवाईसी रिकॉर्ड से किया जाता है।



### ई-केवाईसी अनिवार्य क्यों, जानिए

जिला प्रशासन द्वारा ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है ताकि मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति दर्ज हो सके, भुगतान सीधे बैंक खाते में पहुंचे, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो अपात्र/फर्जी नाम हटाए जा सकें, यदि समय पर ई-केवाईसी नहीं कराई गई, तो श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज नहीं होगी और मजदूरी भुगतान में कठिनाई आ सकती है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड, श्रमिकों को पंचायत भवन या ब्लॉक कार्यालय में जाकर आधार सत्यापन एवं फेस रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन दो बार जियो-टैग्ड फोटो अपलोड की जाती है।

## बिजली की सप्लाई बेहतर करने लगेगा ट्रांसफार्मर, जनरेटर से किया गया ट्रायल

# 1.62 करोड़ की ट्रॉमिल मशीन से होगी कचरे की प्रोसेसिंग, लैंड फिलिंग में कम होगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दुर्ग निगम ने नई शुरुआत की है। करीब 1.62 करोड़ रुपए की लागत से नई ट्रामिल मशीन की खरीदी की गई है।

इस मशीन के जरिए गीला-सूखा कचरे की प्रोसेसिंग आसान हो सकेगी। साथ ही कचरे की लैंड फिलिंग का दबाव भी कम होगा। यानी वर्तमान में जितना कचरा लैंड फिलिंग के लिए भेजा जा रहा है, उसका आधा ही कचरा लैंड फिलिंग के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा मिक्स कचरे का वैज्ञानिक पृथकीकरण होगा और कचरे का निष्पादन किया जाएगा। लगाई गई मशीन बिजली से चलेगी। इसके लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। मंगलवार को जनरेटर की मदद से ट्रामिल मशीन का ट्रायल लिया गया। नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर में 15वें वित्त आयोग मद से 1.62 करोड़ रुपये की लागत से यह मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन शहर से प्रतिदिन निकलने वाले मिश्रित (मिक्स) कचरे के वैज्ञानिक पृथकीकरण में सहायक सिद्ध होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

### एसएलआरएम सेंटर के आसपास डंप कचरे से लोग परेशान

बता दें कि धमधा नाका के उक्त क्षेत्र में लंबे समय से कचरा डंप किया जा रहा है। स्टेट हाईवे से लगे होने की वजह से लोगों आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ती है। इतना ही आसपास के लोग उठती बदबू से खासे परेशान हैं। इसे लेकर लगातार शिकायत भी की गई है। पूर्व एल्डरमैन अजय गोलू गुप्ता ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने इस मामले को लेकर अनियमितता का भी आरोप लगाया था। बहरहाल एसएलआरएम सेंटर तो शिफ्ट नहीं हुआ, उल्टा 15वें वित्त आयोग के पसे से सेंटर में नई ट्रामिल मशीन लगाई गई है। दावा किया जा रहा है कि इस मशीन के उपयोग से कचरा बेतरतीब ढंग से नहीं फैलेगा।

## 49 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण पुलिस लाइन क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत



**दुर्ग।** ठगड़ा बांध वार्ड 48 न्यू पुलिस लाइन मेन गेट के सामने से लेकर फुटबॉल ग्राउंड तक 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 49 लाख रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन क्षेत्र में 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कार्य स्वीकृत किया गया है। 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। महापौर ने मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सरिता चंद्रकार, गुलशन साहू, यूवराज कुंजाम, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान,संभव जैन,सहायक अभियंता राजेन्द्र धबाले, उपअभियंता करण यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### महापौर ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पुलिस लाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप उनकी निगरानी में ही पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्रामीणों को अब 100 नहीं 125 दिन का मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अकतई ग्राम पंचायत पाटन में वीबीग्रामजी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के ग्रामीणों, किसानों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जानकारी दी गई कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिवस रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की गई है। यदि निर्धारित समय में कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। तकनीकी सहायक गिरीश नारंग ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाना अनिवार्य है। यदि 15 दिवस के भीतर भुगतान नहीं होता है, तो संबंधित मजदूर को 0.05 प्रतिशत अतिरिक्त राशि ब्याज के रूप में देय होगी। उन्होंने कहा कि अब भुगतान में देरी की स्थिति में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

### अब पंचायत करेगा कामों का चयन

ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस रोजगार उपलब्ध होगा। ग्राम की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन। जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तालाब, डबरी एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण। स्थायी परिसंपत्ति निर्माण के माध्यम से टिकाऊ विकास को बढ़ावा। महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरणा। आजीविका डबरी निर्माण पश्चात आय संवर्धन के अवसरों की जानकारी। कार्यक्रम में तालाब गहरीकरण कार्य के संबंध में लगभग 200 मजदूरों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान मौके पर ही किया गया।

### सामूहिक जनभागीदारी पर दिया गया जोर

इस अवसर पर सरपंच माधुरी निषाद, सचिव कामता पटेल, रोजगार सहायक दिनेश चंद्राकर एवं नरोत्तम निषाद उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, ताकि शासन की योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्राम के समग्र विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर दीपा मारकाण्डे उपसरपंच, बुधयारिन ठाकुर, यमुना बाई ठाकुरउपस्थित रहे।

## रायपुर नाका मुक्तिधाम में अतिक्रमण को हटाया गया, गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर में छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ द्वारा एक कक्ष में किए गए अनधिकृत कब्जे को महापौर अलका बाघनार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से हटाया गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की। साथ ही छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी स्थल पर अतिक्रमण न करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई है। निगम महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि पुनः इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है तो नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम से लगे गार्डन के सौंदर्यकरण हेतु भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आम नागरिकों के उपयोग हेतु सुगम बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।



### तहसील कार्यालय के पास से पसरा लगाने वालों की मार्किंग

पुराना सिटी कोतवाली के पीछे स्थित नीबू लाइन क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से पसरा एवं ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने टेप के माध्यम से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के लिए निर्धारित स्थान की नाप-जोख कर व्यवस्थित रूप से चिन्हांकन किया। निर्धारित जगह के आकार को सुव्यवस्थित एवं सीमित किया गया, ताकि सड़क मार्ग बाधित न हो। चेतावनी दी गई कि कोई दुकानदार निर्धारित लाइन के बाहर दुकान लगाते पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सामान भी जब्त किया जाएगा।

## ठेका श्रमिकों को जल्द मिले बोनस व लीव इन्कैशमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों के बकाया भुगतान को लेकर भिलाई इस्पात मजदूर संघ संघ के पदाधिकारियों ने संयंत्र के महाप्रबंधक विकास चन्द्रा से मिलकर ठेका खत्म होने के बाद भी श्रमिकों के लंबित बोनस, छुट्टी के नकदीकरण और रिट्रेंचमेंट राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। भुगतान नहीं होने से मजदूरों में असंतोष है।

यूनियन के संयुक्त महामंत्री वशिष्ट वर्मा ने बताया कि ओएचपी विभाग, यादव ब्रदर्स इंजीनियरिंग व मैप इंजीनियरिंग विभाग व यूआरएम विभाग के तीन ठेकेदारों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। ज्ञापन में बताया कि यदि जल्द से जल्द श्रमिकों के खातों में बकाया राशि नहीं पहुंची, तो यूनियन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## गन्ने एवं मिलेट्स फसलों की खेती को बढ़ावा देने संभागायुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए गन्ने एवं मिलेट्स फसलों की पैदावारी के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले में गन्ने की फसल पर जोर दिया जाए, वहीं संभाग अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्रों के जिलों में मिलेट्स फसलों की पैदावारी पर जोर दिया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को गन्ने की पैदावारी के लिए शासन स्तर पर कृषकों को अनुदान राशि के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। श्री राठौर ने संभाग अंतर्गत जिलों में रबी धान की फसल के बदले दहलन-तिलहन फसलों की क्षेत्राच्छादन में बढ़ोतरी करने निर्देशित किया। खाद के भंडारण के साथ ही अग्रिम उठाव के लिए अभियान प्रारंभ किया जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल रोकने बेहतर प्रबंध किया जाए। जिलों में उड़नदस्ता टीम गठित कर, टीम द्वारा नकल के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बोर्ड परीक्षा का संचालन बेहतर ढंग से हो। केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने के कड़े निर्देश दिये जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संचालित करने पर जोर देते हुए अवगत कराया कि आगामी 24 फरवरी को ई-ऑफिस पर विशेष प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण में अधिकारी सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार प्रदेश की सभी पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति को जोड़ना है।

## कलेक्टर ने की जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# अविवादित नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों का हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से अविवादित नामांतरण और अविवादित बंटवारे के कार्य ग्राम पंचायतों को सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-दो प्रकरण दर्ज कर 31 मार्च से पहले आदेश जारी किए जाएं। भूमि आवंटन से जुड़े मामलों में विभाग प्रमुखों को बिना विलंब अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने को कहा गया, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों।

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

### बायोमीट्रिक अटेंडेंस शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश

बैठक में बायोमेट्रिक अटेंडेंस को सभी अनुविभागीय कार्यालयों, जनपदों और तहसीलों में शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यक्तिगत आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली, जिस पर सभी नगर निगम आयुक्तों ने पूर्णता की जानकारी दी। स्वामित्व योजना (मेप-2/मेप-3) में संशोधन के लिए ग्रामवार स्कैन कॉपी के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही शासकीय नस्तियों के संधारण के लिए लिंक अधिकारी की शीघ्र नियुक्ति करने को कहा गया।



### जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां होगी शुरू

आगामी जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर निरस्तीकरण के बाद भी बकाया राशि जमा न करने वाले संचालकों से भू-राजस्व के रूप में वसूली की कार्यवाही शीघ्र करने को कहा गया। जिले के सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों, जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके लिए शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी बच्चों के आधार पंजीयन हेतु जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होने के कारण जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लंबित हैं, उनके लिए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

### समन्वय के साथ जनता को लाभ पहुंचाने कहा

बैठक में जल संरक्षण, जल स्रोतों के रिचार्ज तथा नल-जल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं संधारण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं। बैठक में वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह एवं योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरत राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं शिल्ली थामस, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में ओएसएचडब्ल्यूसी संहिता पर किया गया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बीएमडीसी में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 पर उच्चस्तरीय संवादात्मक सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।सभी मुख्य महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों की सक्रिय उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस नई संहिता के अंतर्गत सभी नियामक एवं विधिक प्रावधानों के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे विधि की बारीकियों को गंभीरता से समझें तथा प्राप्त ज्ञान को कार्यस्थल पर प्रभावी क्रियान्वयन में रूपांतरित करें।

क मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी ने विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि कहा कि नई संहिता के प्रति सक्रिय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण संगठन की सुरक्षा उत्कृष्टता यात्रा को नई दिशा प्रदान करेगा। मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक के रूप में सुप्रसिद्ध सुरक्षा विशेषज्ञ एके चतुर्वेदी संहिता, 2020 के प्रमुख प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं की जानकारी दी। अतिरिक्त महाप्रबंधक शोवन घोष ने सत्र का संचालन किया।

- विधि की बारिकियों से कार्मिकों को किया जागरूक

## खबर संक्षेप



### विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता हुई

**गुरूर।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद द्वारा विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय सेजेस अरमरीकला खेल मैदान में किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू सम्मिलित हुई। जनपद पंचायत गुरूर उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद पंचायत गुरूर सभापति नरेश साहू ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियो का सम्मान भी किया। महिला खेलकूद प्रतियोगिता दो वर्ग मे आयोजित किया गया था। जिसमें दोनों आयु वर्ग 09 से 16 वर्ष एवं 16 से 35 वर्ष के लिए एथलेटिक्स, खो–खो, हॉकी, बैडमिंटन, बॉलीवाल, कुश्ती, बस्केट बॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी खेल प्रतियोगिता आयोजित किए गए थे।

### हर्षिता कोसरे का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ चयन

**डौंडीलोहारा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा 22 से 28 फरवरी तक देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन विकसित भारत 2047 एवं



एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर किया जा रहा है। इस शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद का प्रतिनिधित्व करने हेतु शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कु. हर्षिता कोसरे का चयन हुआ है। चयन पर हर्षिता ने महाविद्यालय परिवार, प्राचार्य डॉ. रोशन आरा एवं कार्यक्रम अधिकारी पी.एस. भुआर्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से उन्हें विश्वविद्यालय व जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो उनके लिए गर्व की बात है।

# किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी व मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने अपने जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। यह घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर के मार्गदर्शन में संभाग एवं जिला प्रभारी के निर्र तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अध्यक्ष चेमन देशमुख के अनुशंसा उपरांत की गई। पुष्पेन्द्र तिवारी व संतोष गंगबेर को जिला महामंत्री बनाया गया है।



किसान मोर्चा की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष रमेश सोनवाणी, राकेश राकेश द्विवेदी, मनोहर सिन्हा, चेतन साहू, मनीकांत बघेल, सालिकराम देशमुख, मंत्री नेमलाल यादव, हिम्मत देशमुख, रिखीराम साहू, हितेश साहू, कोमल कुमार दुग्गा, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव, दिनेश साहू, सोशल मीडिया राजेन्द्र देवांगन, सह सोशल मीडिया देव देवांगन, माधुरी यादव, कार्यालय मंत्री बीरेंद्र साहू, सह कार्यालय मंत्री संतोष चंद्राकर, तुलेंद्र साहू, मन की बात प्रभारी लक्ष्मी चंद साहू, मन की बात सह प्रभारी रोशन यादव, कार्यकारिणी सदस्य चिंताराम साहू, नीलम कोठारी, युवराज साहू, भागवत यादव, नरेन्द्र साहू, गंगाबाई साहू, विजय कुमार परेल, अंगद टेकाम, बंशी रावटे, दुष्यंत कुमार ठाकुर, संतराम चंद्राकर, दीनबंधु सिन्हा, भीषम साहू, सोमन ठाकुर, राम प्रसाद साहू, शशिकांत साहू, चंद्रभान साहू, सेतराम —पाल, —पाराम पौषार्य, छगनलाल, पंचम देशमुख, प्रमोद साहू को बताया गया है। इसके



साथ ही किसान मोर्चा बालोद जिला अंतर्गत समस्त मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई। जिसमे बालोद मंडल ओमप्रकाश साहू, जुंगेरा मंडल हेमराज साहू, करहीभदर मंडल श्रवण देवांगन, गुरुर मंडल भरतलाल सार्वा, सनौद मंडल लीलाराम सोनबेर, मिरऍटोला पुरूर मंडल सुरेन्द्र तिवारी, डौंडी लोहारा मंडल हेमंत साहू, रेंगा डबरी मंडल अमीर दास क्रिसणे, डौडी मंडल रोहित भास्कर, दल्ली राजहरा मंडल गिरिधर सिन्हा, कुसुमकसा मंडल बहादुर सिंह, गुण्डरदेही मंडल कल्याण साहू, सिकोसा मंडल मोहित साहू, ओटेबन मंडल मेघा श्याम चंद्राकर, अर्जुन्दा मंडल सुनील बेलचंदन, सूरेगांव मंडल शोभित यादव, देवरी मंडल यादराम सिन्हा को बनाया गया है। इस नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में दादा गुरुदेव का स्मरण, श्रद्धा से संपन्न हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण में मंगलवार को तीसरे दादा गुरुदेव जिन कुशल सूरी के स्वर्गारोहण दिवस पर श्रद्धा-भक्ति के साथ विशेष प्रवचन व पूजा का आयोजन किया गया। साध्वी मंडल के सान्निध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महासती स्नेहयशा श्रीजी मसा ने प्रवचन में कहा कि महापुरुषों के गुणों का स्मरण तभी सार्थक है। जब हम उन्हें अपने जीवन में उतारें। दादा गुरुदेव ने हजारों लोगों को सद्मार्ग



की ओर अग्रसर कर जैनत्व का संदेश दिया। उन्होंने आत्मशुद्धि, गुण-वृद्धि और वैराग्य को जीवन का लक्ष्य बताते हुए संसारिक सुखों के बजाय सद्बुद्धि व आत्मकल्याण की कामना करने का संदेश दिया।

साध्वी सिद्धांत निधि श्रीजी मसा, सम्यग निधि श्रीजी मसा एवं शौर्य निधि श्रीजी मसा ने भी दादा गुरुदेव के निस्वार्थ जीवन, त्याग, संयम और मानवता के उत्थान हेतु किए गए कार्यों को प्रेरणास्पद बताया। इस अवसर पर नगर के श्री शांतिनाथ जिनालय में स्थित दादा गुरुदेव की प्रतिमा के समक्ष जल, गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य एवं फल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूरा वातावरण भक्ति भावना से ओत-प्रोत रहा।

## आदेश से असंतोष : महंगाई और वेतन वृद्धि के अनुसार दें एडवांस

# बीएसपी कर्मचारी बढ़ती महंगाई में मात्र पांच हजार रुपए में कैसे मनाएंगे त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

### सीटू ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक से की पचास हजार फेस्टिवल एडवांस की मांग

लंबे समय से फेस्टिवल एंडवांस में बढ़ोत्तरी का इंतजार कर रहे भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के हाथ निराशा लगी है। प्रबंधन द्वारा उम्मीद से काफी कम फेस्टिवल एडवांस राशि की घोषणा की गई है। सीटू यूनियन ने 50 हजार रुपए फेस्टिवल एडवांस दिए जाने की मांग की है। यूनियन के मुताबिक प्रबंधन के द्वारा फेस्टिवल एडवांस को लेकर जारी किए गए सर्कुलर में मात्र पांच हजार रुपए फेस्टिवल एंडवांस दिए जाने का उल्लेख है। सीटू ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के महाप्रबंधक विकास चंद्रा को कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र में फेस्टिवल एडवांस को 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किये जाने पर जोर दिया है। जीएम ने यूनियन को आश्वस्त किया कि पूर्व में भी आपके द्वारा फेस्टिवल एडवांस बढ़ाने की मांग पर कारपोरेट को भेजा गया था। इसके लिए उच्च स्तर पर निर्णय लेकर एडवांस वृद्धि के



### रुपए का अवमूल्यन व महंगाई

यूनियन के मुताबिक प्रबंधन द्वारा एक समय अंतराल के बाद फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाई जाती रही है। पिछले 17 सालों में फेस्टिवल एडवांस में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है जबकि रुपए के अवमूल्यन के साथ स्कूल एवं कॉलेज की फीस से लेकर त्योहार मनाने सहित सभी खर्चो में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ऐसे में प्रबंधन को फेस्टिवल एडवांस की राशि को 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किया जाना उचित होगा।

संबंध में सर्कुलर जारी किया जाना चाहिए। सीटू महासचिव टी जोगा राव ने कहा कि बीएसपी कर्मियों कर्मचारियों का फेस्टिवल एडवांस 2005 में शुरू हुआ। 2005 में 2 हजार रुपए दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए बाद 2009 में 5 हजार किया गया। लेकिन 2009 से यानी पिछले 17 सालों से फेस्टिवल एडवांस के रूप में 5 हजार रूपए दिया जा रहा है अब 18 वें साल में भी मात्र 5 हजार रुपए फेस्टिवल एडवांस देने के संबंध में प्रबंधन के जारी सर्कुलर से कर्मियों में निराशा व असंतोष है ।

### इच्छानुसार लें एडवांस

सीटू के सहायक महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि बीएसपी कर्मचारी का 2009 में मूल वेतन 7480 था, जो बढ़कर 2026 में 86600 हो गया है । मूल वेतन में 1150% यानी 11.5 गुना की वृद्धि हुई है । प्रबंधन को उसी अनुपात में यदि फेस्टिवल एडवांस की तुलना किया जाए तो 5 हजार रुपए को बढ़ाकर 50 हजार रुपए करना जरुरी है। इस राशि को कर्मियों द्वारा 10 किस्तों में वापस कर दिया जाता है। इस आशय का भी सर्कुलर जारी किया जाना चाहिए कि सभी कर्मी को 50 हजार एडवांस लेने की आवश्यकता नहीं है । कोई यदि चाहे तो 5 हजार से लेकर 50 हजार के बीच जितना लेना चाहेंगे उतनी राशि फेस्टिवल एडवांस के रूप में दिया जाएगा।

# शिवमहापुराण कथा में विधायक कुंवर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

देवरी ब्लॉक के ग्राम गिधवा (पिनकापार) में ग्रामीणों द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शिव महापुराण कथा के कथावाचक पंडित रोशन दुबे ने बुधवार को ताड़का वध, भगवान कार्तिकेय एवं गणेश जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिव महापुराण कथा में साक्षात शिव और माता पार्वती स्वयं यजमान बनकर कथा श्रवण करने आते हैं। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन भक्ति, संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम हैं, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। महादेव की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति बनी रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजू चौधरी, विधायक प्रतिनिधि बरसन निषाद, सागर साहू, दुखु देवांगन, अश्वनी कुंजाम, धीरज साहू, गुलाब साहू, ओमप्रकाश सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## पेज 9 के शेष...

### गन्ना किसानों के...

मजदूरों की कमी और बढ़ते खर्च के कारण खेती में मुनाफा कम मिलता था। अब हार्वेस्टर मशीन आने से कटाई की चिंता दूर हो गई है। समय पर लोडिंग होने से गन्ना बेचना आसान होगा। जिला प्रशासन की यह पहल हम किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बालोद जिला प्रशासन का यह नवाचार जिले में गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। जब लागत घटेगी और समय बचेगा, तो किसान गन्ने की खेती के प्रति और अधिक प्रोत्साहित होंगे।

### ग्रामीणों ने लगाया...

बालोद स्थित मुक्तिधाम परिसर में खडे गीला झाड़ कहुआ एवं सागौन सहित अन्य वृक्षों की कटाई की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उक्त कटाई सरपंच द्वारा उच्च अधिकारी और संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति लिए बिना करवाई गई तथा लकड़ियों को नीलाम कर बेच दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह शासन के नियमों का खुला उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम विकास समिति सिवनी के अध्यक्ष भीगलाल पटेल, सदस्य निरंजन साहू, हरदेव सिन्हा, दानेश्वर सिन्हा, बुधराम उइके, दशरथ साहू, तीजूराम, जीवन भास्कर, संतराम, भीम पटेल सहित बड़ी सख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुरेन्द्र बने मिर्रीटोला...

अभिन्न यादव, आकाश साहू, आयुष दीवान, रितेश सेन, रवि देशमुख, आशुतोष सिन्हा, यंगेश साहू, दनेश्वर साहू, आशुतोष टंडन, चंद्रेश झा, रवि साहू, यमन नरेटी, अभिषेक साहू, रानू राठी, लोकेन्द्र हिरवानी, राजेश दीवान, नौशाद कुरैशी, होमप्रकाश साहू, नीलांबर साहू, शानू देशमुख, दोमेश निर्मलकर, अनमोल बग्गा, प्रांजल कंसारी, पूरब देवांगन, दुर्गानंद साहू, ललित गजेंद्र, मनीष साहू, बालक साहू, अशोक साहू, घनेद्र साहू ने हर्श व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में वजन त्योहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं का वजन एवं ऊंचाई



का माप लिया गया। वजन त्योहार के दौरान प्राप्त मापदंडों के आधार पर कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान की गई। चिन्हांकित हितग्राहियों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उचित देखरेख के संबंध में आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा कुपोषण की समस्या को कम करना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उप सरपंच डॉ. तुला राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, मितानिन ललिता चौधरी, पंचगण चमेली निषाद, शारदा पटेल, गुंजा साहू, पंकज पटेल, राजेश देवांगन सहित ग्रामीणजन रामहीन पटेल, कमला, भुनेश्वरी, ऋषि, मालती, मीना शर्मा, तिलेश्वरी, गणेशी एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली तथा सभी ने बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया।

# पीएमश्री स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नितेश मोंटी यादव, महामंत्री शैल महोबिया, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, डीएमसी अवन कुमार जांगड़े, बीईओ श्रद्धा ठाकुर, बीआरसीसी केके साहू, नरेंद्र देशमुख, शाला शिक्षाविद हूबलाल बेलचंदन, लोकेंद्र महोबिया एवं पालकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया बच्चों ने क्रमशः सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया मंच संचालन संजय कुमार शुक्ला द्वारा किया गया उपस्थित अतिथियों का स्वागत संकुल के सभी प्रधान पाठक द्वारा गुलाल बैच लगाकर व पुष्प गुच्छ के साथ पौधा भेंट किया गया।

कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न संस्कृतियों को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति छेरछेरा व पंथी, देश भक्ति से ओतप्रोत एकल नृत्य, राजस्थानी लोक संस्कृति, पंजाबी लोक संस्कृति आदि पर नृत्य प्रस्तुत किए गए।



### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

वार्षिक उत्सव के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों का सम्मान प्रणाम पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मैडल से किया गया। प्रमोद जैन के द्वारा विद्यालय की भौतिक संसाधनों व शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित एसएमसी एवं पालकगणों को शासन की महती योजना को स्पष्ट किया गया साथ ही शाला प्रांगण में बाह्य हस्तक्षेप व शाला की आवश्यक भौतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए विश्वास दिलाया गया।

इसी क्रम में जनपद उपाध्यक्ष यादव द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की बात कही गई। कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर द्वारा बच्चों के नृत्य गायन व अभिनय कला की प्रशंसा की गई व विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई बच्चों को खेलकूद में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया डीएमसी अवन कुमार जांगड़े द्वारा भी बच्चों हर्श व्यक्त किया गया।

## मां शारदे की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ

# किल्लेकोड़ा स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा. में बुधवार को कक्षा 11वीं, 10वीं एवं 9वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्भय भंडारी (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम ताराम (जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि) ने की। विशिष्ट अतिथियों में हेमलता विश्वकर्मा (सरपंच), वीरेंद्र कुल्हार्य, अधन



सिन्हा, अशोक सिन्हा, मंगल सिंह गांवरे, रामेश्वरी देवी, किरण कुल्हार्य, यादव राम तथा नरेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्राचार्य अजय मुखर्जी के संरक्षण एवं डॉ. बी.एल. साहसी के निर्देशन में संपन्न हुआ। शुभारंभ मां शारदे के तैलचित्र पर पूजन-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर रंजीता, गरिमा, वनिता, प्रिया, मीनाक्षी, चांदनी, रितु, देवेश, नोसमी, लीना, दिव्या, भारती, दामिनी, प्राची, अर्चना सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 12वीं की ओर से यशस्वी शर्मा ने विद्यालय में बिताए चार वर्षों के अनुभव साझा किए। अपने संबोधन में वीरेंद्र कुल्हार्य ने घोषणा की कि यदि कोई छात्र-छात्रा मेरिट में स्थान प्राप्त करता है तो वे उन्हें हवाई जहाज की सैर कराएंगे। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजाराम ताराम ने बेटियों को विशेष बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को परिश्रमपूर्वक अध्ययन करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि विद्यालय का दसवीं का परीक्षा परिणाम सदैव अच्छा रहा है तथा कक्षा 12वीं का यह प्रथम बैच है, जिससे बेहतर परिणाम की आशा है। मुख्य अतिथि निर्भय भंडारी ने विद्यालय के लिए एक वाटर कूलर एवं मैदान के समतलीकरण की घोषणा की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बालोद में 22 फरवरी को होगा युवा संगम

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर द्वारा युवा संगम का आयोजन 22 फरवरी को किया गया है। व्यक्तत्वि विकास एवं राष्ट्र निर्माण मे हमारी भूमिका पर आयोजित युवा संगम सरस्वती शिशु मंदिर उच्च



माध्यमिक विद्यालय बालोद प्रांगण में किया गया है। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक अभय राम कुंभकार होंगे। जिसमे 16 से 34 वर्श के युवक युवती शामिल हो सकते है। युवा संगम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जो संध्या 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु पंजीयन आव"यक है। कार्यक्रम में पेन एवं डायरी के साथ 10 मिनट पूर्व उपस्थित होना आव"यक है। कार्यक्रम में खण्ड सहकार्यवाह यादवेन्द्र वर्मा, नगर कार्यवाह छगन यादव, उपस्थित रहेगे। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यवाह संतोश साहू, जिला सह कार्यवाह विनोद साहू, जिला प्रचारक भागीरथ से संपर्क किया जा सकता है।

### पसौद में दो दिनी फाग गीत 5 मार्च से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद (हल्दी बेलोदी) मे भव्य लोककला महोत्सव समिति बजरंग चौक में फाग गीत का आयोजन दो दिवसीय 05 एवं 06 मार्च गुरूवार, शुक्रवार को रखा गया है। जिसमें 9 मण्डलीय भाग लेगी समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने बताया जिसमें प्रथम दिवस होनी वाली मंडली का नाम जय मां सरस्वती रामधुनी मण्डली ग्राम दैहान बांधा बाजार (राजनांदगांव),श्री जय ठाकुर देव लोक कला फाग परिवार कातरो (दुर्ग), सुरसुरभि पडवानी पार्टी मण्डली गरियाबंद, सुरता फाग मण्डली ग्राम निपानी ,द्वितीय दिवस होने वाली मण्डलीयों के नाम जय श्री कृष्णा नेवस्यि चरवहा फाग मण्डली पिछेगांव (दुर्ग), दीया के अंजोर फाग परिवार पेण्ड्री, दाई के दुलवरा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोगरगांव (राजनांदगांव), सिया के राम लोक फाग कला रामधुनी परिवार सोहतरा (बालोद), हरिहर फाग झांकी परिवार झांडातलाब (डोगरगांव) भाग लेंगे।

### तोषण चुरेन्द्र को मिलेगा मातृभाषा रत्न मानद उपाधि

**डौंडीलोहारा।** साहित्य और मातृभाषा सेवा के क्षेत्र में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। समीप के ग्राम धनगांव निवासी प्रख्यात गीतकार, कवि एवं शिक्षक



तोषण चुरेन्द्र दिनकर को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी) के अवसर पर "मातृभाषा रत्न" मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने हेतु चयनित किया गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु द्वारा 16 फरवरी को जारी संदेश में बताया गया कि दिनकर को मातृभाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक उत्थान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विधिवत सम्मानित किया जाएगा। तोषण चुरेन्द्र दिनकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं।

## लापरवाही : जागरूकता और जिम्मेदारी से ही रुकेगी ऐसी घटनाएं

# खुले में फेंके जा रहे भोजन से मवेशी पड़ रहे बीमार, हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

नगर में शादी-विवाह आयोजनों के बाद बचा हुआ भोजन (दाल, चावल, सब्जी, मिठाई, अन्य खाद्य पदार्थ) खुले में फेंकने की लापरवाही अब गंभीर संकट का रूप लेती जा रही है। भोजन पांडालों और मैदानों के पास फेंका गया। यह सड़ा-गला एवं विषाक्त भोजन गायों व अन्य मवेशियों द्वारा सेवन कर लिया जाता है, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और असमय मौतें हो रही हैं।

गत दिनों शहर के बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 मैदान में आयोजित एक शादी समारोह के बाद भारी मात्रा में भोजन खुले में फेंक दिया गया। इसी विषाक्त भोजन को मवेशियों ने खा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सज्जन गोयल एवं चेतन गोयल की गाय पूरी तरह स्वस्थ थी, जो प्रतिदिन लगभग 15 किलो दूध नियमित रूप से देती थी। लेकिन विषाक्त भोजन के सेवन के बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ी और कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। यह घटना केवल एक परिवार का नुकसान हुआ।

**पशुपालकों में रोष, कार्रवाई की मांग**



घटना के बाद क्षेत्र के पशुपालकों में गहरा रोष व्याप्त है। पशुपालकों का कहना है कि- यह कोई पहली घटना नहीं है। लगातार शादी-विवाह के बाद भोजन खुले में फेंका जाता है। न सफाई होती है, न जिम्मेदारी। मवेशी वही भोजन खाते हैं और बीमार होकर मर जाते हैं। हमारी आजीविका पर सीधा हमला है।

**पशुपालकों का वर्जन-** प्रशासन और नगर प्रशासन आंख मूंदकर बैठा है। अगर समय रहते सख्त नियम नहीं बने, तो आगे और भी मवेशियों की मौत होगी। शादी आयोजकों पर जुर्माना लगे, और भोजन निस्तारण की व्यवस्था अनिवार्य हो।

मांग है की कि शादी-विवाह आयोजकों के लिए भोजन निस्तारण नियम अनिवार्य किया जाए।

खुले में भोजन फेंकने पर भारी जुर्माना व कानूनी कार्रवाई हो। हर आयोजन स्थल पर कूड़ादान एवं जैविक कचरा निस्तारण व्यवस्था अनिवार्य हो। नगर प्रशासन, पशु विभाग और आयोजकों की संयुक्त जिम्मेदारी तय हो। जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को इसके दुष्परिणाम बताए जाएं।

**पशु विभाग का पक्ष-** पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सा पटेल ने कहा—खुले में फेंका गया भोजन मवेशियों के लिए अत्यंत खतरनाक होता है। सड़ा हुआ भोजन विषाक्त बन जाता है, जिससे फूड पॉइजनिंग, संक्रमण और मृत्यु तक हो सकती है। इस मामले की जांच की जा रही है। नगर प्रशासन के साथ समन्वय कर ऐसे आयोजनों के बाद भोजन के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। देवेंद्र नेताम, तहसीलदार और प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा- शादी-विवाह एवं सामूहिक आयोजनों के बाद बचा भोजन खुले में फेंकना कानूनन गलत है। जल्द ही आयोजकों के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे कि बचा हुआ भोजन कूड़ादान/डंपिंग यार्ड में ही डाला जाए। उल्लंघन पर जुर्माना और कार्रवाई की जाएगी।

# सात दिनी श्री शिवमहापुराण कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा



मां झरन मैया प्राचीन मंदिर प्रांगण में मां झरन मैया प्राचीन मंदिर व जनकल्याण समिति तथा माँ झरन मैया महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 8 फरवरी से 15 फरवरी तक किया गया। यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष सम्पन्न हुआ। कथा वाचन छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कथावाचक जितेंद्र महाराज चैतन्य (थान खमरिया, बेमेतरा) द्वारा किया गया।

कथा के अंतिम दिन आचार्य ने बताया कि मन, कर्म और वचन से ही पुण्य और पाप का निर्माण होता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। भीष्म पितामह की कथा के माध्यम से कर्मफल सिद्धांत को समझाते हुए उन्होंने बताया कि जाने-अनजाने किए गए कर्म भी जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने परोपकार को जीवन का सबसे बड़ा गहना बताते हुए कहा कि मनुष्य का उद्देश्य किसी भी जीव को मन, वचन और कर्म से पीड़ा न पहुँचाना होना चाहिए।

कथा के दौरान द्वादश ज्योतिर्लिंगों की स्थापना और उनकी धार्मिक मान्यताओं का विस्तार से वर्णन किया गया। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा में चंद्रदेव, राजा दक्ष और भगवान शिव की प्रसंग कथा के माध्यम से भक्ति, तप और विश्वास का महत्व समझाया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि शिव तत्व सम्पूर्ण सृष्टि में व्याप्त है और "कण-कण में शंकर" की भावना ही सनातन धर्म का मूल भाव है।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर प्रांगण में भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे, जिससे दल्लीराजहरा क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का विशेष माहौल देखने को मिला।

# यादव समाज का गीता ग्रंथ पूजन एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा

ग्राम भोथीपार खपरी के पंचायत पायला में कोसिरिया यादव समाज द्वारा सर्किल स्तरीय गीता ग्रंथ पूजन एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। भगवान कृष्ण की पूजा–अर्चना और कलश शोभायात्र के सांथ कार्यक्रम हुआ। दोपहर में विधि–विधान से गीता ग्रंथ का पूजन किया गया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मोहन मंडावी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए।मोहन मंडावी ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान हमें कर्म और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यादव समाज द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम में अध्यक्ष कोसिरिया यादव समाज सर्किल गुण्डरदेही शंभू कैलाश यादव, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, अध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतीश मोंटी यादव, जनपद सदस्य दीपक साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ लेखराम साहू, सरोजबाला बंजारे, डोमन देशमुख, माखनलाल मंडावी, नेताराम साहू, गुमान सिंह मंडावी, जीवधन सेन, बरतिया राम श्रृंगारे, झग्गर सिंह साहू, महेन्द्र कुमार मंडावी, सावतराम साहू, जानकी साहू, रामसिंग साहू, चुरामन साहू और बग्गुराम यादव के साथ महासभा बालोद की टीम में संरक्षक शिवकुमार यादव, अध्यक्ष हिगन लाल यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, द्वारपाल यादव, गिरेन्द्र यादव, पूर्णानंद यादव, अलखराम यादव, निरंजन यादव, ओमप्रकाश यादव, भुवनेश्वर यादव, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मधुलता यादव, ममता यादव, कमलेश्वरी यादव, सविता यादव और श्रुति यादव और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।




कलश शोभायात्रा निकाली गई

## बच्चों की कला और संस्कृति ने मोहा मन

# सिरसिदा स्कूल में पीएमश्री योजना के तहत हुआ सांस्कृतिक महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

पीएमश्री योजना के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शाला के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत संदेशप्रद प्रहसन, देशभक्ति एवं लोकनृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें मिट्टी की कलाकृतियां, चित्रकारी, थाली सजावट एवं दिया सजावट विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष गुंडरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर उपस्थित रहे। उनके साथ सरपंच सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देशलहरे, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद चंद्राकर, शिक्षाविद कृपाराम पटेल सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक गुंडरदेही के.के. साहू, संजय शुक्ला एवं प्राचार्य कुल्हारे उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सिरसीदा ग्रामवासियों से शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू द्वारा किया गया। आयोजन में शाला के समस्त शिक्षकगण दर्शेंद्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर, योग शिक्षक गिरु धनकर, संगीत शिक्षक योगेंद्र साहू तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक लीना देवांगन एवं शिक्षक महेंद्र कुमार साहू, हीरालाल साहू एवं राकेश कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और शिक्षा के साथ संस्कारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# सशि मंदिर डौंडीलोहारा में हुआ दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा दसवीं के भैया-बहनों का दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अकलेश्वर साहू वन विभाग रहे। विशेष अतिथि के रूप में सियाराम शार्वा एवं विभाग समन्वयक, केसरी साहू ,दीपक यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डोमार साहू ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य



अतिथि ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पारितोषिक देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस



अवसर पर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गुरुजनों के साथ संवाद का अनुकरण तथा लड़कों द्वारा साड़ी पहनने की रोचक प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिससे वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के मीडिया प्रभारी तोषण चुरेंद्र ने प्रभावी ढंग से किया। समारोह में विद्यालय समिति के पदाधिकारी, आचार्य-दीदियां तथा बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ग्राम उरेटा में महाशिवरात्रि पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम उरेटा के नयापारा स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आचार्य पीलू राम साहू द्वारा विधि-विधानपूर्वक भगवान शिव की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरे वातावरण में "हर-हर महादेव" के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। कार्यक्रम के अंतर्गत एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के नागरिक जनक



मासिया, श्रीराम, शिवदयाल, अमरू राम, पन्नालाल, धनराज राणा, सियाराम राणा, मेहर केराम सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ में आहुति देकर उपस्थित भक्तों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। आचार्य श्री ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश देता है। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम भव्य एवं सफल रहा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्रामवासियों ने इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों को समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया।

### सेप्टिक टैंक में गिरी गाय, बड़ा हादसा टला

**पाटन।** पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित खुले सेप्टिक टैंक में गाय गिर गई। बताया जा रहा है कि सेप्टिक टैंक काफी समय से खुला पड़ा है और इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है, बावजूद इसके अब तक इसे ढंकने या सुरक्षित करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, जिनमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल रहते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## प्रशिक्षित नागरिक ही आपदा में बन सकते हैं रक्षक

# महिला कमांडो को दिया गया सिविल डिफेंस का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



सिविल डिफेंस के लिए महिला कमाण्डो को प्रशिक्षित किया गया। महिला कमाण्डो के गांधीवादी तरिके, जिला कि महिला कमाण्डो का प्रशिक्षण कार्यशाला बैडमिंटन हाल गुण्डरदेही में आयोजित किया। जिसमें नागेंद्र सिंग कमांडेंट दुर्ग के टीम द्वारा गैस टंकी आग लग जाने पर बचाव कैसे करें, घायल व्यक्ति की तत्काल मदद, बाड़ पीड़ित को कैसे बचायेंगे, पानी में अचानक डूबते हुये व्यक्ति की मदद कैसे करेंगे, हार्ट अटैक आने पर सीपीआर कैसे देंगे, दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को स्ट्रेचर में कैसे लेटायेंगे आदि विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। नागेन्द्र सिंग सेनानी ने कहा जो व्यक्ति खुद की रक्षा करना जानता है, वही दूसरों की रक्षा के लिए उपलब्ध रह सकता है, देश को जरूरत है। ऐसे प्रशिक्षित नागरिकों की जो महिला कमाण्डो के रूप में यहां उपस्थित है। शमशाद बेगम ने कहा यहां से कमाण्डो प्रशिक्षित होकर अपने अपने ग्रामों अन्य लोगों को प्राशिक्षित करेगी महत्वपूर्ण एवं जीवन उपयोगी व्यवस्था को सुचारू रुप से संचालित करने में प्रशासन की मददगार हो सकती है, यह सिर्फ सेवा ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है।

सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग देने मास्टर ट्रेनर मेजर घनी राम यादव, सैनिक राजू महानंद, सैनिक महेश गंधर्व, सैनिक रमेश कुमार, सैनिक दिनेश कुमार, सैनिक शारदा प्रसाद, सैनिक भूपेंद्र सिंग ने विस्तार पूर्वक महिला कमांडो को प्राशिक्षण प्रदान कियां। जिसमें विशेष रूप आग बुझाने की मशीन के प्रकार व चलाने का तरीका, शरीर पर चोंट आने पर पट्टी बांधना, खून बहने से रोकना, भूकंप आने पर कैसे सुरक्षित बाहर आए, आग कैसे बुझाना, स्ट्रेचर कैसे बनाना सीखाया गया।महिला कमांडो टीम ने अभ्यास किया ताकि गांव में जाकर आपदा पिड़ितों को मदद कर सके और हेल्प लाइन नंबर 112 पर फोन कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सके।

प्राशिक्षण कार्य शाला में महिला कंमाडो सरीता कंवर, कौसल्या साहू, भीमेश्वरी शांडिल्य, लता साहू, योगिता साहू, रेवती साहू, लिलेशवरी साहू, सरस्वती साहू सहित सौ से अधिक महिला कमांडो प्रशिक्षण कार्य शाला में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411